an>

Title: Need to provide financial assistance to farmers distressed due to severe drought situation in Banda parliamentary constituency, Uttar Pradesh.

श्री भैरों प्रसाद मिश्र (बांदा) ः मेरे संसदीय क्षेत्र बांदा-चित्रकूट सहित पूरे बुन्देलखंड में सूखे के कारण स्थिति बहुत ही भयावह हो गयी है। लोगों के खेत खाली पड़े हैं। करीब 80 प्रतिशत खेतों में बुआई नहीं हुई है। कुछ किसानों ने तो आशा में बीज भी डाल दिए लेकिन वह जमे ही नहीं। लोगों के घरों में खाने को कुछ नहीं बचा है। जानवरों के लिए चारा नहीं है। वह भूखों मरने को मजबूर हैं। राज्य सरकार को धन केंद्र द्वारा दिया गया है। उसे भी लोगों को समान रूप से नहीं दिया जा रहा है। हैंडपंपों व सिंचाई साधनों का जल स्तर नीचे चले जाने के कारण बुरा हाल है। सबने काम करना बंद कर दिया है। अस्तु सरकार से अनुरोध है कि किसानों के कर्जे व ब्याज माफ कर उनके लिए राहत व अनुदान सीधे उनके खाते में भेजा जाए व सभी प्रकार के किसानों को लघु, सीमान्त या वृहद् जो भी हैं उन्हें सहायता, राहत व जानवरों के लिए चारे का प्रबंध यथाशीघ्र कराया जाए। हैंडपंप आदि में पाइप बढ़ाकर व नये गहरे हैंडपंप लगाकर पेयजल की समस्या का समाधान यथाशीघ्र किया जाये। धन्यवाद।